कार्रवाई | 32.95 लाख रुपये का मशरूका जब्त, 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

# तीन वाहनों से हो रही थी मवेशियों की तस्करी





**नवभारत, मंडला।** पुलिस अधीक्षक मंडला राजेश रघुवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के निर्देशन, एसडीओपी बिछिया सौरव तिवारी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी बिछिया रंजीत सिंह सैयाम के नेतृत्व में थाना बिछिया पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर नेशनल हाईवे पर सघन वाहन चेकिंग की गई।

चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहनों को रोककर जांच की। जांच में तीन अलग-अलग वाहनों में मवेशियों का अवैध एवं क्रूरतापूर्वक परिवहन किया जाना पाया गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कुल 22 मवेशियों सहित तीन वाहनों को जप्त किया।

### तीन वाहनों से 22 मवेशी बरामद

बताया जाता है कि पुलिस कार्रवाई के दौरान वाहन सहित 22 मवेशी एवं तीन वाहन, कुल 32 लाख 95 हजार रुपये का मशरूका जप्त किया गया।

### इन्हें किया गिरफ्तार

पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है उनके नाम अमित कुमार साहू, सनुप लाल यादव, जावेद खान, अफसर खान, मोहम्मद आसिफ खान, इमरान खान को गिरफ्तार किया है। प्रकरण में धारा 11(1)(घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, धारा 4, 6, 10 मध्यप्रदेश कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम तथा संबंधित वाहन के संबंध में धारा 66/196 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस द्वारा बरामद सभी 22 मवेशियों को सुरक्षित रूप से कांजीहाउस बिछिया में रखवाया गया है, जहां उनके संरक्षण एवं आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया के संबंध में कार्रवाई की जा रही है।




# छात्रों को मिला धोखाधड़ी से बचने का ज्ञान

▶ छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

**नवभारत, भुआ बिछिया।** सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया भुआ बिछिया अंतर्गत दो स्थान, भुआ बिछिया और सिझोरा में सतर्कता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत भुआ बिछिया में शासकीय महाविद्यालय व सिझोरा में एकलव्य आवासीय विद्यालय में इसका आयोजन किया गया। इस आयोजन के तहत जबलपुर से आए सतर्कता अधिकारी शंकराचार्य ने महाविद्यालय व स्कूल के बच्चों के साथ सतर्कता अभियान चलाया।

स्कूल व कॉलेज के बच्चों को साइबर क्राइम व मयूल खातों के बारे में जानकारी दी गई। छात्र व छात्रों को यह भी बताया गया कि वह कैसे विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध से बच सकते हैं। इसके अलावा एक क्विज का भी आयोजन किया गया जिसमें सफल छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। बच्चों के द्वारा प्रश्न पूछे गए और उनका उत्साह वर्धन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य रोहिणी कोस्टा, सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया भुआ बिछिया शाखा प्रबंधक रितेश ठाकुर, महाविद्यालय के अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे। जागरूकता कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सिझोरा मैं भी जागरूकता कार्यक्रम किया गया, प्राचार्य व अन्य शिक्षक गण ने उपस्थित होकर इस अभियान को सफल बनाया।

# श्रीराम इंस्टीट्यूट में 36 लाख का फीस घोटाला, अकाउंटेंट के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**जबलपुर।** शहर के प्रतिष्ठित श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में 36 लाख 81 हजार 730 रूपये का फीस घोटाला हुआ। संस्थान के ही एक भरोसेमंद अकाउंटेंट ने छात्रों के भविष्य और कॉलेज के विश्वास के साथ खिलवाड़ किया है। आरोपी ने कॉलेज के नियमों को ताक पर रखकर छात्रों से लाखों रुपये की फीस नकद और अपने पर्सनल बैंक खाते में ऐंठ ली। माढ़ोताल पुलिस ने कॉलेज प्रबंधन की शिकायत पर धोखाधड़ी और गबन का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी के प्राचार्य शैलेश गुप्ता (45) द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत




के अनुसार, चंद्रमोहन सिंह ठाकुर साल 2017 से कॉलेज में अकाउंटेंट के पद पर तैनात था। कॉलेज के नियमों के मुताबिक, किसी भी कर्मचारी को नकद फीस लेने का अधिकार नहीं है, छात्रों को पूरी फीस सीधे कॉलेज के अधिकृत बैंक खाते में ही जमा करनी होती है। लेकिन, चंद्रमोहन ने इस व्यवस्था का फायदा उठाते हुए कई छात्रों को झांसे में लिया। उसने नियमों के खिलाफ जाकर छात्रों से फीस की रकम या तो नकद ले ली या फिर अपने व्यक्तिगत बैंक खाते में ट्रांसफर करवा ली। कॉलेज प्रबंधन को भनक न लगे, इसके लिए आरोपी ने छात्रों को फर्जी और कूटरचित रसीदें बनाकर दे दीं। यह पूरा फर्जीवाड़ा तब सामने आया जब कॉलेज को छात्रों की तरफ से फीस और नो ड्यूज को लेकर शिकायतें मिलने लगीं। जब कॉलेज प्रशासन ने आंतरिक जांच की, तो पता चला कि शुरुआती तौर पर ही 14 छात्रों के साथ सीधे तौर पर यह धोखाधड़ी की गई थी। जैसे ही गड़बड़ी की बात बाहर आई, चंद्रमोहन सिंह ठाकुर जनवरी 2026 से ही कॉलेज से गायब हो गया। कॉलेज प्रबंधन ने जब उसके घर पर संपर्क साधने की कोशिश की, तो वह वहां भी नहीं मिला और उसका मोबाइल फोन भी लगातार बंद आ रहा है। दस्तावेजी सबूतों के आधार पर 17 लाख 82 हजार 148 रुपये की हेराफेरी के पक्के सबूत मिले हैं। मौखिक शिकायतों के आधार पर 36 लाख 81 हजार 730 रुपये की धोखाधड़ी की बात सामने आई है। गबन की रकम और बढ़ने की पूरी आशंका है। पुलिस ने कॉलेज के प्राचार्य द्वारा सौंपे गए दस्तावेजों और भुगतान प्रमाणों के आधार पर आरोपी चंद्रमोहन सिंह ठाकुर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# खरीफ धान फसल में रोग नियंत्रण के लिए किसानों को सलाह

▶ कृषि विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी

**नवभारत, मंडला।** वर्तमान खरीफ मौसम में धान की फसल में भूरा माहू एवं बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट रोग का प्रकोप देखा जा रहा है। किसान फसल की नियमित निगरानी कर रोग के लक्षण दिखाई देने पर समय पर नियंत्रण उपाय अपनाएं।

भूरा माहू पौधे के तने के निचले भाग में समूह बनाकर रस चूसता है। इसके प्रकोप से पत्तियां पीली पड़ने लगती हैं और अधिक प्रकोप की स्थिति में पौधे सूखकर भूरे रंग के हो जाते हैं, जिसे हॉपर बर्न कहा जाता है।



वहीं बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट में पत्तियों के किनारों या सिरों से पानी जैसे धब्बे दिखाई देते हैं, जो बाद में पीले, भूरे या पुआल रंग के होकर पूरी पत्ती को सुखा सकते हैं।

कृषि विभाग के अनुसार भूरा माहू के नियंत्रण के लिए डिनोटेफ्यूरान 20 प्रतिशत एसजी 150-200 ग्राम प्रति हेक्टेयर अथवा पाईमेट्रोजिन 50 प्रतिशत डब्ल्यूजी 120 ग्राम प्रति एकड़ की दर से लेबल निर्देशानुसार छिड़काव किया जा सकता है। बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट के लिए कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 50 प्रतिशत डब्ल्यूपी 3 ग्राम प्रति लीटर पानी तथा स्ट्रेप्टोसाइक्लिन 0.15 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से मिश्रण बनाकर छिड़काव करने की सलाह दी गई है। 15 लीटर के पंप में 4.5 ग्राम कॉपर ऑक्सीक्लोराइड एवं 2.25 ग्राम स्ट्रेप्टोसाइक्लिन का मिश्रण उपयोग किया जा सकता है।

### किसानों की मदद के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी

किसानों की सहायता के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष गठित किया गया है। समस्या होने पर वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर.पी. अहिरवार (मोबाइल 9131728448) एवं प्रोग्राम असिस्टेंट डॉ. के.के. राणा (मोबाइल 9300383906) से संपर्क किया जा सकता है। किसान अपने विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से भी संपर्क कर समस्या का निराकरण करा सकते हैं।

### एक नजर में

## अग्निवीर भर्ती रैली रीवा और सागर में होगी

**नवभारत, मंडला।** भर्ती कार्यालय जबलपुर द्वारा भर्ती वर्ष 2026-27 के लिए पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों हेतु अग्निवीर भर्ती रैली की घोषणा कर दी गई है, इसके तहत रीवा और सागर में विभिन्न श्रेणियों के लिए रैलियाँ आयोजित की जाएंगी। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, रीवा में 26 नवंबर 2026 से 7 दिसंबर तक भर्ती रैली आयोजित होगी। इसमें 15 जिलों (अनूपपुर, बालाघाट, डिंडोरी, जबलपुर, कटनी, मंडला, मऊगंज, मैहर, रीवा, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली और उमरिया) के युवा शामिल हो सकेंगे। अग्निवीर (जनरल ड्यूटी), अग्निवीर (टेक्निकल), अग्निवीर ट्रेड्समैन (10वीं पास) और अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं पास)। इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज, सागर में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के लिए रैलियां आयोजित की जा रही हैं।

# भारतीय किसान संघ ने किसानों की समस्याओं से कराया अवगत

**नवभारत, भुआ बिछिया।** किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिछिया को अध्यक्ष जमुना यादव सहित अनेक किसानों ने ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान संघ जो किसानों की हित संवर्धन हेतु सतत कार्य कर रहा है वर्तमान क्षेत्र में किसानों की प्रमुख एवं प्राथमिक समस्याएं, धान का शासकीय समर्थन मूल्य की दर 3100 रुपए प्रति कुंतल किया जाए, जी राम जी योजना में खेत



सड़क योजना को सम्मिलित कर प्रारंभ किया जाए।

किसान संघ का कहना है कि टूटी एवं पुर चुकी नहर को रवि सीजन के पूर्व साफ सफाई एवं पूर्ण किया जाए, कृषि उर्वरक खाद रकवे के आधार पर पोर्टल पर सुनिश्चित किया गया है, किंतु एक बार 50 बोरी लेने के बाद दोबारा पोस मशीन से उपलब्ध नहीं होता है, जबकि पोर्टल पर 50 बोरी से अधिक खाद्य किसान को उपलब्ध कराने के लिए पोर्टल पर दिखाई देता है। जिसके कारण पोर्टल में दर्ज बची हुई शेष खाद्य नहीं मिल पा रही है जो नियम अनुसार मिलना चाहिए। 1 ग्राम किशली भीलवानी में ओबीसी किसानों को जो पूर्व से बसे हुए हैं उन्हें जमीन का पट्टा प्रदान किया जावे, वर्तमान में धान की फसल जो पीली पड़ते जा रही है और पड़ चुकी है, इसके रोकथाम के लिए एक कृषि विभाग द्वारा गांव-गांव जागरूक कैंप लगाई जाए, दूध के मूल्य वृद्धि, गोवंश की रक्षा किसानों को समुचित लाइट मिल सके इसके लिए ट्रांसफर फार्मर की व्यवस्था, किसानों को अमानक यंत्र, खाद बीज देने पर दंड के साथ ही सजा के प्रावधान की मांग की अनेक मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उक्त कार्यक्रम में जागेश्वर राजपूत, राकेश पुरी गोस्वामी, मोतीलाल जंघेला, त्रिलोक मार्को, अनुज उपाध्याय, अनिल मरावी, तुलसी कुशराम, दुर्गेश यादव, सेव सिंह बलाडी, अमर लाल यादव, दादान यादव, हिरन सिंह सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

# पर्युषण पर हाईकोर्ट के जैन कर्मचारियों को दो घंटे की छूट

▶ 15 से 26 सितंबर तक सुबह 10 की जगह दोपहर 12 बजे तक पहुंच सकेंगे कार्यालय

**जबलपुर।** पर्युषण पर्व के धार्मिक अनुष्ठानों और आवश्यकताओं को देखते हुए मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने जैन धर्मावलंबी कर्मचारियों को दो घंटे की विशेष छूट दी है। मुख्य न्यायाधीश अल्पेश यशवंत कोगजे के निर्देश पर हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल धर्मेंद्र सिंह ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। इसके तहत 15 सितंबर से 26 सितंबर तक जैन कर्मचारी सुबह 10 बजे के निर्धारित समय के बजाय दोपहर 12 बजे तक कार्यालय पहुंच सकेंगे। यह सुविधा हाई कोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर के अलावा इंदौर और ग्वालियर पीठ व संबंधित कार्यालयों में लागू रहेगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि धार्मिक पर्व के कारण दी गई इस विशेष सुविधा से न्यायालयीन कार्य प्रभावित नहीं होना चाहिए। संबंधित अधिकारियों को कार्यालयीन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। हाई कोर्ट प्रशासन ने आदेश की प्रतियां इंदौर और ग्वालियर पीठ सहित मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी को भी भेजी हैं। इस निर्णय से पर्युषण पर्व के दौरान धार्मिक परंपराओं का पालन करने वाले जैन कर्मचारियों को सुविधा मिलेगी।



# दशहरा चल समारोह की रूपरेखा पर चर्चा

**जबलपुर।** सनातन धर्म सभा में सोमवार को आगामी दशहरा चल समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। आयोजन को व्यवस्थित बनाने के लिए क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों से सुझाव लिए गए। बैठक में अध्यक्ष अनुराग तिवारी, अनिल चौबे, लंबा जी, रमेश वोहित और आलोक भट्ट सहित अन्य उपस्थित रहे।

# रूम नम्बर 8 में आर्मी मैन ने की खुदकुशी

▶ हेड क्वार्टर एमबी एरिया कैंप लाइन का मामला

▶ आर्मी टीम के साथ पुलिस जांच में जुटी

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अंतर्गत हेड क्वाटर एमबी एरिया कैंप लाईन रूम नम्बर 8 में आर्मी मैन ने सोमवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। मामले की जांच के लिए आर्मी टीम के साथ पुलिस पहुंची थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक सोमवार को लेंस नायक दीपक कुमार ग्राम बुलखाना जिला झज्जर हरियाणा ने बताया वह लेंस नायक के पद मध्य भारत एरिया आर्मी में पदस्थ है सुबह लगभग 11-45 बजे कैंप लाईन में दवाई छिड़काव कर रहा था तभी केम्पस लाईन के रूम नम्बर 8 में दवाई छिड़कने के लिये दरवाजा खोला अंदर देखा तो अनूप पिल्लई 35 वर्ष निवासी ग्राम पटाई टेकेधरी जिला कुलम केरल वर्तमान पता टाईमप्रेरी डिप्टी डाक जीएस ब्रांच आर्मी रूम के अंदर सीलिंग फेन से काला वायर से फांसी लगाकर मृत अवस्था में लटका था।



### कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच शुरू

जांच अधिकारी के अनुसार, मृतक जवान के मोबाइल फोन को जब्त कर लिया गया है। पुलिस कॉल डिटेल रिकॉर्ड और व्हाट्सएप चैट खंगाल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि घटना से पहले उनकी किससे और क्या बातचीत हुई थी। आखिरी समय में वे किन लोगों के संपर्क में थे, इसकी पूरी टाइमलाइन तैयार की जा रही है। इसके अलावा पारिवारिक व मानसिक तनाव एंगल पर भी तफ्तीश की जा रही है।

### इनका कहना है

आर्मी मैन ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। सीडीआर समेत पारिवारिक व मानसिक तनाव समेत अन्य एंगल पर जांच जारी है। मर्ग कायम कर लिया गया है। आर्मी टीम भी जांच के लिए पहुंची थी। विस्तृत जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो सकेगा।

**संजीव कुमार त्रिपाठी**
**गोराबाजार थाना प्रभारी**

बैठक | 17 को रक्तदान शिविर एवं आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम, अधिकारियों को तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश

# हितग्राहियों पर केंद्रित रहे सेवा संकल्प अभियान : कलेक्टर

**नवभारत, मंडला।** कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने समय-सीमा बैठक में जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं अभियानों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने 17 सितम्बर को आयोजित रक्तदान शिविर की तैयारियों की जानकारी लेते हुए बताया कि जिला अस्पताल में प्रात: 8 बजे से मोबाइल वैन तथा आरडी कॉलेज में प्रात: 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक नागरिकों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

बैठक में 17 सितम्बर को शाम 7 बजे माहिष्मती घाट पर आयोजित 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर



माहिष्मती घाट पर 25 हजार दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। कलेक्टर ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### तैयारियों की समीक्षा की

कलेक्टर ने सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को अपने-अपने अनुविभाग में अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित गतिविधियों का प्रभावी आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान की गतिविधियां व्यापक जनभागीदारी के साथ बेहतर तरीके से आयोजित हों। बैठक में जनविश्वास अभियान के अंतर्गत जिले में प्रस्तावित गतिविधियों की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निराकरण में केवल औपचारिकता न हो, बल्कि आवेदक की समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### होंगे विभिन्न आयोजन

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इनमें 'मेरे सपनों का भारत' चित्र सेवा, नमो सेवा, आंगन मिलन सेवा, सेवा की अनकही कहानी, सेवा ज्योति कलश यात्रा, वडनगर-वाराणसी सेवा यात्रा, सेवा मेरा योगदान, सेवा सेतु अभियान, सेवा के रंग राष्ट्र के संग, सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा सहित विभिन्न कार्यक्रम शामिल हैं। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, संयुक्त कलेक्टर सोनल सिडाम, श्रीमती नदीमा शिरी, एसडीएम मंडला शैलेन्द्र चौधरी, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।




# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं 95 समस्याएं

▶ समय-सीमा में निराकरण के दिए निर्देश

**नवभारत, मंडला।** जिला योजना भवन में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान कुल 95 आवेदकों ने अपनी शिकायतों व मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

कलेक्टर श्री धोटे ने प्राप्त सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निराकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्राथमिकता से किया जाए। जनसुनवाई में प्रशासनिक अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर हुनेन्द्र घोरमारे, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सोनल सिडाम, मंडला एसडीएम शैलेंद्र चौधरी, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ एवं सचिन जैन सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनकर उनके शीघ्र निपटारे हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।